E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com ,cfgarh-forest-uk@nic.in, Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः– 343 / 12-1 ,दिनांक, पौड़ी, अगस्त, 04 2021.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 797/2017 के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के अन्तर्गत नन्दप्रयाग–घाट मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण हेतु प्रस्तावित 9.053 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भः– प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/143929/2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्न कमियॉ पायी गई हैः–

1. संयुक्त निरीक्षण आख्या में कुल 9.053 है0 वन भूमि हस्तान्तण के लिये 1126 वृक्ष प्रभावित होना बताया गया है जबकि पार्ट II के क्र0सं0 4 के ii में वृक्षों की संख्या 1357 दिखाई गई है स्थिति स्पष्ट करें।
2. प्रस्ताव में न्यूनतम वृक्षों के पातन किये जाने के प्रमाण पत्र पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण कर प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून को प्रेषित किया जा सके।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

पत्रांकः– दिनांकित

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

//Jaideep//